

## एक नजर में

### अभिव्यक्ति स्थल पर हर रविवार सजेगा जैविक हाट बाजार

**मंदसौर।** जिले में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों को उनकी उपज के लिए उचित विपणन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अभिव्यक्ति स्थल, महाराणा प्रताप बस स्टैंड के पास, मंदसौर में जैविक हाट बाजार का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग श्री रविंद्र मोदी ने बताया कि यह जैविक हाट बाजार प्रत्येक रविवार, प्रातः 11.00 बजे से नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। इस हाट बाजार में मंदसौर जिले के जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषक, कृषक समूह तथा स्व–सहायता समूह अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को विक्रय कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक उत्पादों की बिक्री हेतु यह एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। साथ ही उपभोक्ताओं को शुद्ध, स्वास्थ्यवर्धक एवं रसायन मुक्त उत्पाद उचित दरों पर उपलब्ध होंगे। जिले के समस्त जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों, उत्पादक समूहों तथा क्रेता–विक्रेताओं से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में जैविक हाट बाजार में सहभागिता करें।

### मिटती विरासत को मिला जीवन, जल गंगा संवर्धन अभियान से निखरी प्राचीन बावड़ी




**मंदसौर।** मंदसौर जिले के भैसोदामंडी क्षेत्र में स्थित एक प्राचीन बावड़ी, जो कभी स्थानीय लोगों के जीवन का प्रमुख जल स्रोत हुआ करती थी, आज फिर से अपनी पुरानी पहचान हासिल कर चुकी है। यह परिवर्तन संभव हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए गए जीर्णोद्धार कार्यों से, जिसने एक उपेक्षित धरोहर को नई जिंदगी दे दी। वर्षों से देखरेख के अभाव में यह ऐतिहासिक बावड़ी पूरी तरह घास–फूस, झाड़ियों और गंदगी से ढक चुकी थी। पानी दूषित हो चुका था और इसका उपयोग लगभग समाप्त हो गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह बावड़ी ग्वालियर रियासत काल की एक महत्वपूर्ण जल संरचना थी, जो कभी आसपास के क्षेत्र की प्यास बुझाती थी और सामाजिक जीवन का केंद्र हुआ करती थी। लेकिन जब जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत हुई, तो इस बावड़ी के कायाकल्प का कार्य भी प्राथमिकता में लिया गया। साफ–सफाई, कचरा हटाने, जल स्रोत को पुनर्जीवित करने और आसपास के क्षेत्र के सौंदर्यीकरण जैसे कार्य किए गए। इसके परिणामस्वरूप आज यह बावड़ी एक बार फिर स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक रूप में सामने आई है। अब यह केवल जल संरक्षण का माध्यम नहीं रही, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी बन गई है। स्थानीय नागरिकों में भी इस पहल को लेकर जागरूकता बढ़ी है और वे इसके संरक्षण के लिए आगे आ रहे हैं। भैसोदामंडी की यह सफलता कहानी बताती है कि यदि सामूहिक प्रयास और सही दिशा में काम किया जाए, तो पुरानी धरोहरों को फिर से जीवंत किया जा सकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान न केवल जल संरक्षण की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि यह हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को बचाने का भी सशक्त माध्यम बन रहा।

# प्रशिक्षण का लक्ष्य कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास और सेवा भावना का विकास : आर्य

- भाजपा की मजबूती का मूल आधार समर्पित एवं प्रशिक्षित कार्यकर्ता – दिलीप सकलेचा
- शासकीय योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने हेतु कार्यकर्ता लक्ष्य लेकर कार्य करे – बंशीलाल गुर्जर

**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक सशक्तिकरण और कार्यकर्ताओं के वैचारिक तथा कार्यात्मक विकास के उद्देश्य से मंदसौर जिले के सभी मंडलों में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग प्रारम्भ किए गए हैं। यह प्रशिक्षण वर्ग भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, संभाग प्रभारी सुरेश आर्य तथा जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में आयोजित किए जा रहे हैं।

28 मार्च को आयोजित मंदसौर, मल्हारगढ़ और सुवासरा विधानसभा के प्रशिक्षण वर्गों में दो दिनों के दौरान आठ सत्रों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन आज 29 मार्च को होगा। जिनमें संगठन के विभिन्न विषयों पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण वर्गों में मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, विधायक हरदीपसिंह डंग, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, देवीलाल धाकड़, राधेश्याम पाटीदार, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं संभागीय प्रशिक्षण प्रभारी नानालाल अटोलिया, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, मानसिंह माछोपूरिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, जिला महामंत्री शिवराजसिंह राणा,




पूर्व भाजपा जिला मंत्री नरेंद्र पाटीदार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी, भाजपा नेता हिम्मत डांगी, भाजपा नेता नरेश चंदवानी, भाजपा नेता रमेशचंद चन्द्रे, सोशल मीडिया जिला संयोजक इंद्रजीत भट्ट, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश नामदेव, पूर्व जिला मंत्री अजय तिवारी, सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने अपने–अपने विषय अन्तर्गत अपना मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। इसमें राज्य सरकार की उपलब्धियाँ, संगठन की कार्य पद्धति, वैचारिक अधिष्ठान और संगठन विस्तार शामिल रहे। साथ ही बूथ प्रबंधन, पार्टी का इतिहास और केन्द्र सरकार की योजनाओं पर चर्चा हुई। डिजिटल माध्यमों जैसे सोशल मीडिया, नमो एप और सरल एप की भी जानकारी दी गई। इन विषयों से कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यशैली और समाज से संवाद का महत्व समझाया गया। राज्य सरकार की उपलब्धियों पर वक्ताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। कृषि और सिंचाई क्षेत्र में नई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को फसल बीमा और अनुदान योजनाओं से आर्थिक सुरक्षा मिल रही है।

महिलाओं के लिए स्व–सहायता समूह और रोजगार के अवसर ब?ाए गए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं में भी लगातार सुधार किया जा रहा है। कार्य पद्धति विषय पर बताया गया कि संगठन की सफलता अनुशासन और समन्वय पर निर्भर करती है। भाजपा की कार्यप्रणाली सुव्यवस्थित और लक्ष्य आधारित है। बैठकों, प्रशिक्षण वर्गों, प्रवास और कार्यक्रमों के माध्यम से कार्य किया जाता है। इनसे योजनाओं का निर्माण, समीक्षा और क्रियान्वयन सुनिश्चित होता है। साथ ही कार्यकर्ताओं को निरंतर सक्रिय और प्रशिक्षित रखा जाता है।

वैचारिक अधिष्ठान पर वक्ताओं ने कहा कि किसी भी संगठन की ताकत उसके विचारों में होती है। भाजपा की विचारधारा राष्ट्रवाद, सुशासन और सेवा पर आधारित है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद को मार्गदर्शक माना गया है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार भी संगठन का आधार हैं। यह विचारधारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का लक्ष्य रखती है। संगठन विस्तार पर बताया गया कि भाजपा का उद्देश्य केवल राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक विस्तार भी है। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया जाता है। विभिन्न वर्गों और समाज के लोगों से निरंतर संपर्क किया जाता है। सक्रिय कार्यकर्ता टोली और नियमित कार्यक्रमों से विस्तार होता है। नव मतदाताओं से संवाद को भी महत्वपूर्ण माना गया है।



## होमगार्ड परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित, रक्तदान से 16 यूनिट संग्रहित

**मंदसौर।** जिला होमगार्ड एवं स्ष्ठश्वक्र्न इकाई के जवानों के लिए आज होमगार्ड कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुयोग अस्पताल के संचालक डॉ. योगेंद्र कोठारी एवं उनकी टीम द्वारा मानसेवी सेवाएं प्रदान करते हुए जवानों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस स्वास्थ्य शिविर में होमगार्ड एवं पुलिस जवानों के साथ–साथ सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स और उनके परिवारजनों ने भी लाभ लिया। इस अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान अभियान भी आयोजित किया गया, जिसमें डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्री वीरेंद्र सिंह जादौन सहित जवानों द्वारा लगभग 16 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान बेहतर स्वास्थ्य एवं नियमित स्वास्थ्य जागरूकता बनाए रखने के संबंध में सभी को संबोधित किया गया। साथ ही उपस्थित जवानों एवं वॉलंटियर्स के लिए परिवार स्वास्थ्य आईडी बनाने की जानकारी दी गई, जिससे भविष्य में आवश्यकता होने पर चयनित जांच एवं उपचार अनुयोग अस्पताल द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जा सकेगा।

**एक नजर** — विश्व रंगमंच दिवस पर नुक्कड़ सभा में संविधान और जन सरोकारों पर बोले वक्ता

## रंगमंच मनोरंजन के साथ सामाजिक बदलाव का सशक्त माध्यम...

**मन्दसौर।** सिर्फ अधिकार मांगने से देश नहीं चलता, कर्तव्यों को निभाना भी उतना ही जरूरी है। संविधान का सम्मान व्यवहार में दिखना चाहिए। यह बात प्रगतिशील लेखक और सामाजिक चिंतक असअद अंसारी ने विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर तेलिया टैंक पर आयोजित नुक्कड़ सभा में कही।




उन्होंने कहा कि 27 मार्च को मनाया जाने वाला यह दिवस केवल सांस्कृतिक अवसर नहीं, बल्कि सच बोलने की परंपरा को याद करने का दिन है। भारतीय संदर्भ में रंगमंच को जनता के संघर्षों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन (ईप्टा) ने किया है, जिसने इसे सामाजिक बदलाव का माध्यम बनाया। सभा में फिल्म डायरेक्टर, लेखक एवं कवि मनी चौहान ने कहा कि थियेटर को केवल फिल्म से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। यह एक जीवंत मंचीय कला है, जिसमें समाज अपने ही प्रतिबिंब को देखता है।

सांस्कृतिकर्मी नरेंद्र कुमार त्रिवेदी सूत्रधार ने कहा कि रंगमंच समाज का आईना है और युवाओं को इससे जोड़कर इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है।

ईप्टा सचिव हूर बानो सैफी ने संचालन करते हुए कहा कि संविधान अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी स्पष्ट दस्तावेज़ है। अधिकार और कर्तव्य दोनों का संतुलन ही लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। ईप्टा उपाध्यक्ष हेमन्त कछावा ने कहा कि संगठन का गौरवशाली इतिहास जन मुद्दों को नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से उठाने की प्रेरणा देता है। अभय मेहता ने भी विचार व्यक्त किए।

इकाई अध्यक्ष शोभा कश्यप ने कहा कि संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और शिक्षा जैसे अधिकार देता है, साथ ही कानून पालन और भाईचारा बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम के प्रारंभ में जनगीत गायन हुआ, जिसमें नन्द किशोर राठौर, ललिता मेहता, राजेश मंडवारिया, संतोष परसाई सहित अनेक लोगों ने सहभागिता की। संचालन हूर बानो सैफी ने आभार डी.पी. जोशी ने माना।

# नीमच

## एक नजर में

### सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर नीमच पुलिस ने किया साइक्लोथोन रैली का सफल आयोजन



**नीमच।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर नीमच पुलिस द्वारा जिला स्तर पर साइक्लोथोन रैली का सफल आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन में आयोजित किया गया। साइक्लोथोन रैली को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया एवं स्वयं भी रैली में शामिल हुए। रैली सीआरपीएफ नीमच के सरदार वल्लभभाई पटेल गेट से प्रारंभ होकर चौपड़ा चौराहा, विजय टाकीज चौराहा, कमल चौक, फव्वारा चौक होते हुए पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच पर समाप्त हुई। इस साइक्लोथोन का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश देना रहा। दिनांक 28 मार्च को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर नीमच पुलिस द्वारा आयोजित साइक्लोथोन रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया, थाना प्रभारी नीमच केंट निरीक्षक सौरभ शर्मा, सुबेदार सुरेश सिसोदिया, रीडर–टू–एसपी उप निरीक्षक शिशुपाल सिंह गौड़ सहित अन्य पुलिस अधिकारियो एवं कर्मचारियो द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### शासकीय माध्यमिक विद्यालय भरभड़िया में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा ईसीसी मेला सम्पन्न

**नीमच।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय भरभड़िया में शनिवार 28 मार्च 2026 को प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा ईसीसी का मेला आयोजित किया गया जिसमें नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी और कक्षा 1 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मेला प्रभारी अनिल कुमार तोतला और प्रधानाध्यापक बंशीलाल प्रजापति ने संयुक्त रूप से बताया कि मेले का उद्धेश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना एवं बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ संस्कारों को अपने जीवन में आत्मसात करना, सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को विकसित करन। मेले में विभिन्न गतिविधियों को आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई। मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न स्टॉल के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों को एचपीबी कार्ड भी प्रदान किए गए। मेले में एसएमसी के अध्यक्ष देवीलाल सैन सहित विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाऐं सहित विद्यार्थियों के पालक भी उपस्थित रहें।




# रामपुरा खिमला पॉवर प्लांट में दर्दनाक हादसा

- छह मंजिला ऊंची दीवार पर प्लेट ठीक कर रहे सुपरवाइजर की गिरने से मौत

**नीमच।** रामपुरा के खिमला पावर प्लांट में बड़ा हादसा सामने आया है, जहां एलएनटी कंपनी में कार्यरत एक मजदूर की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हो गई। मृतक की पहचान एहसान उल हक के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल का रहने वाला था और प्लांट में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था।

बताया जा रहा है कि हादसा उस समय हुआ जब एहसान उल हक प्लांट की करीब 6 मंजिला ऊंची दीवार पर प्लेट ठीक करने के लिए चढ़ा था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। गंभीर हालत में उसे तुरंत सरकारी अस्पताल रामपुरा लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम किया जाना बाकी है। सूत्रों के अनुसार, हादसे के पीछे सुरक्षा इंतजामों की कमी एक बड़ी वजह बताई जा रही है। अगर नीचे सुरक्षा जाली लगी होती तो शायद मजदूर की जान बचाई जा सकती थी। प्लांट में काम कर रहे अन्य मजदूरों का आरोप है कि यहां सुरक्षा मानकों का ठीक से पालन नहीं किया जाता और उनसे 10 से 12 घंटे तक लगातार काम लिया जाता है, जिससे थकान भी हादसों का कारण बन रही है। घटना के बाद मजदूरों में भारी आक्रोश है और उन्होंने हड़ताल शुरू कर दी है।

वहीं सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच की जा रही है। मजदूरों ने प्लांट प्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारियों पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर कब तक मजदूरों की जान के साथ इस तरह का खिलवाड़ होता रहेगा और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई कब होगी।



## गौ रक्षा दल ने विधायकों को सौंपा ज्ञापन

- गौशालाओं को अनुदान और तस्करी पर रोक लगाने की मांग

**नीमच।** गौ रक्षा दल मध्य प्रदेश (जिला नीमच) द्वारा जिले के विधायकों के नाम महत्वपूर्ण मांग पत्र लिखा गया है। इस ज्ञापन के माध्यम से दल ने गौवंश के संरक्षण, गौशालाओं को आर्थिक मजबूती देने और आगामी त्योहारों के मद्देनजर अवैध गौ–तस्करी पर सख्ती से अंकुश लगाने की मांग की है।

गौ रक्षा दल के जिला अध्यक्ष अंकित जोशी और जिला प्रवक्ता सोहनलाल छाजेड़ द्वारा जारी इस पत्र में नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा और मनासा विधायक अनिरुद्ध मारू को संबोधित करते हुए आग्रह किया गया है कि वित्तीय वर्ष (मार्च) की समाप्ति को देखते हुए विधायक निधि का उपयोग क्षेत्र की गौशालाओं को अनुदान देने और गौवंश (गाय, बैल, बछड़े) की रक्षा हेतु किया जाए।

ज्ञापन में चिंता जताई गई है कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर पड़ोसी राज्यों और स्थानीय स्तर पर गौवंश की तस्करी की आशंका बढ़ गई है। दल ने दावा किया है कि महाराष्ट्र के गौ रक्षकों से मिली जानकारी के अनुसार तस्करी की गतिविधियां तेज हो गई हैं। मध्य प्रदेश के गौ रक्षा कानून को पुलिस और प्रशासन के माध्यम से सख्ती से लागू किया जाए।

तस्करी के दौरान पकड़े गए या जब्त किए गए गौवंश को जिले की विभिन्न गौशालाओं में सुरक्षित भिजवाने की स्थाई व्यवस्था हो। सरकार द्वारा चारे के अनुदान को 20 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये प्रतिदिन करने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे प्रभावी ढंग से लागू करने की बात कही गई। ज्ञापन विशेष रूप से क्षेत्र के तीनों विधायकों, दिलीप सिंह परिहार (नीमच), ओमप्रकाश सखलेचा (जावद) और अनिरुद्ध मारू (मनासा) को उनकी गौ–भक्ति और सक्रियता को देखते हुए उचित कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है। इस अवसर पर गौ रक्षा दल के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस दिशा में ठोस कदम उठाते हैं, तो जिले में गौवंश की स्थिति में बड़ा सुधार आएगा।

**एक नजर** — बदला बदला सा नजर आने लगा है ग्वालटोली तालाब का स्वरूप

## जन सहयोग से जल संवर्धन के तहत ग्वालटोली तालाब पर स्वच्छता के लिए किया श्रमदान

**नीमच।** जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जनसहयोग से जल संवर्धन अभियान के तहत शनिवार को जिला मुख्यालय नीमच पर स्थित ग्वालटोली तालाब पर न.पा. नीमच द्वारा स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर विधायक दिलीप सिंह परिहार, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, ए.डी.एम. बी.एस.कलेश, नपाध्यक्ष स्वाति गौरव चौपड़ा, पार्षद जनप्रतिनिधि, विभिन्न सस्थाओं के प्रतिनिधियों ने तालाब परिसर की साफ–सफाई के लिए श्रमदान किया गया। जन सहयोग से स्वच्छता के लिए किए गए इस श्रमदान से ग्वालटोली तालाब का स्वरूप बदला बदला सा नजर आने लगा है।

इस अवसर पर नगरपालिका जलकल समिति सभापति छाया वीरेंद्र जायसवाल, एसडीएम श्री संजीव साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्र सिंह धार्वे, श्री पराग जैन, पार्षद श्री हरगोविंद दीवान, पार्षद प्रतिनिधि श्री मुकेश पोरवाल, पर्यावरण मित्र संकल्प संस्था के श्री जगदीश कारपेंटर, नगर समस्या सुझाव ग्रुप के श्री विवेक खण्डेलवाल, नगरपालिका के सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया सहित नगरपालिका के कर्मचारी, नागरिकों जनप्रतिनिधियों, इंदिरा नगर एवं ग्वालटोली के रहवासियों आदि ने ग्वालटोली तालाब परिसर की साफ सफाई के लिए उत्साह पूर्वक श्रमदान किया और कचरा एकत्रित कर ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया। इस मौके पर नगरपालिका नीमच द्वारा ग्वालटोली तालाब के सौंदर्यीकरण एवं गहरीकरण का कार्य का कलेक्टर ने अवलोकन किया और सीएमओं श्रीमती दुर्गा बामनिया को आवश्यक निर्देश दिए।

